सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5524	09.09.2019	11.09.2019	**Nainital Uttarakhand**	www.livehindustan.com/English https://www.livehindustan.com/uttarakhand/story-dengue-ka-badhata-prakop-bukhar-se-haldwani-me-2-mahilaon-ki-maut-2736248.html
Title:	**Two deaths due to dengue in district Nainital, Uttarakhand**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Nainital, SSU-Uttarakhand			

डेंगू के संदिग्ध बुखार से हल्द्वानी में दो महिलाओं ने दम तोड़ दिया। दोनों ही महिलाओं को पहले हल्द्वानी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का दावा है कि अस्पताल में हुए टेस्ट में डेंगू की पुष्टि हुई। हालत बिगड़ने पर अंतिम समय पर डॉक्टरों ने मरीज को बरेली रेफर कर दिया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। एक मामला बरेली रोड स्थित चौधरी कॉलोनी का है, वहीं दूसरी मौत मुखानी के वार्ड पचास का है।

हल्द्वानी के बरेली रोड स्थित चौधरी कॉलोनी में रहने वाले मुकेश सनवाल ने पत्नी पुष्पा सनवाल (39) को बुखार, सिरदर्द, उल्टी की शिकायत के बाद तीन सितंबर को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। मुकेश सनवाल ने बताया कि डॉक्टरों ने डेंगू टेस्ट पॉजीटिव आने की बात कही थी। पर उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। डॉक्टरों ने एक यूनिट खून भी चढ़ाया। पर शनिवार दोपहर को पुष्पा की तबीयत बिगड़ गई। इस पर डॉक्टरों ने मरीज को किसी दूसरे अस्पताल में ले जाने को कहा। इसके बाद वह पत्नी को बरेली के राममूर्ति अस्पताल लेकर गए। जहां शनिवार देर शाम पुष्पा ने दम तोड़ दिया। पति मुकेश सनवाल ने निजी अस्पताल पर सही जानकारी नहीं देने और इलाज में लापरवाही बरतने का भी

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

आरोप लगाया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू से मौत होने के किसी भी मामले की जानकारी होने से इनकार किया है।

वहीं मुखानी के वार्ड पचास निवासी कमलेश शर्मा को भी एक निजी नर्सिंग होम में तेज बुखार की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। कमलेश शर्मा के पुत्र बिट्टू शर्मा ने बताया कि छह सितंबर को काफी तेज बुखार के बाद उन्होंने मां को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टरों ने उनको डेंगू होने की पुष्टि की थी। डॉक्टरों ने शनिवार शाम को उनकी तबीयत काफी खराब होने लगी और शरीर में प्लेटलेट्स का स्तर तेजी से गिर रहा था। जिसके बाद डॉक्टरों ने उनकी मां को बरेली रेफर कर दिया। जहां रविवार सुबह करीब पांच बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। कमलेश शर्मा कांग्रेस की वार्ड अध्यक्ष भी थी।

इलाके में फॉगिंग नहीं हो रही

स्थानीय निवासी देवाशीष रावत ने बताया कि उनका इलाका डेंगू के लिहाज से काफी सेंसिटिव हो गया है। पर इसके बजावूद फॉगिंग और दवा छिड़काव नहीं हो रहा है। वहीं पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने कहा कि डेंगू के दो दर्जन से अधिक मरीज इलाके में चिह्नित हुए हैं। पर इसके बावजूद अब तक केवल एक बार ही फॉगिंग करवाई गई है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

सीएमओ नैनीताल डा.भारती राणा ने बताया कि एलीजा जांच में कमलेश शर्मा में डेंगू की पुष्टि हुई थी मौत के कारण की जांच की जा रही है। दूसरे मामले में फिलहाल डेंगू को लेकर पुष्ट करने के लिए रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।